अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2025
# (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** बल में होता है— **(1)**

(A) केवल परिमाण (B) केवल दिशा

(C) परिमाण व दिशा दोनों (D) न परिमाण न ही दिशा

**2.** ऊर्ध्वपातज पदार्थ का उदाहरण नहीं है— **(1)**

(A) कपूर (B) नमक

(C) आयोडीन (D) नौसादर

**3.** एक फुट बराबर होता है— **(1)**

(A) 25.48 सेमी (B) 29.48 सेमी

(C) 30.48 सेमी (D) 28.48 सेमी

**4.** किसी घुलनशील ठोस पदार्थ को द्रव से पृथक करने की विधि है— **(1)**

(A) निथारना (B) छानना

(C) तलछटीकरण (D) वाष्पीकरण

**5.** चने के बीज में दो हल्के पीले रंग की संरचनाओं का नाम है— **(1)**

(A) बीजपत्र (B) मूलांकुर

(C) बीजचोल (D) भ्रूण

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** पुष्प के चार प्रमुख भागों के नाम लिखिए। **(1)**

**7.** सिंघाड़ा तथा ऑर्किड की जड़ें किस प्रकार एक-दूसरे से भिन्न हैं? **(1)**

**8.** एक एंग्स्ट्रॉम (Å) में कितने मीटर होते हैं? **(1)**

**9.** मूल मात्रक किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण भी दीजिए। **(1)**

**10.** पदार्थ की वह कौन-सी अवस्था है, जिसमें पदार्थ का आयतन तो निश्चित होता है किन्तु आकृति अनिश्चित होती है? **(1)**

**11.** भंगुर एवं अभंगुर पदार्थ किसे कहते हैं? प्रत्येक का उदाहरण दीजिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** अलैंगिक जनन के अन्तर्गत विखण्डन एवं मुकुलन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**13.** प्रयोगशाला थर्मामीटर का चित्र बनाइए। सेन्टीग्रेड तथा फॉरेनहाइट स्केल में परिवर्तन का सूत्र लिखिए। **(2)**

**14.** मृदु साबुन एवं कठोर साबुन में क्या अन्तर है? उदाहरण सहित समझाइए। **(2)**

**15.** घर्षण बल किसे कहते हैं? दैनिक जीवन में घर्षण बल का क्या महत्त्व है? उदाहरण देते हुए समझाइए। **(2)**

**16.** पदार्थों के पृथक्करण से आप क्या समझते हैं? आसवन तथा अपकेन्द्रण विधियों को उदाहरण सहित समझाइए। **(2)**

**17.** सरल एवं संयुक्त पत्ती में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**18.** पुष्प को परिभाषित करते हुए इसके विभिन्न भागों का नामांकित चित्र बनाइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/vigyan/2025

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN